>

Title: Need to complete the construction of BR 09-10 road at Masharakh, district Saran, Bihar under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, बिहार प्रांत के सारण जिला में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत पैकेज संख्या BR0910 कुम्हैला-सेमरी पथ जिसकी कुल लम्बाई 6 कि0मी0 है, मात्र 3 कि0मी0ही बना हुआ है और इस पथ को पूर्ण दिखा दिया गया है। जबकि इस पथ का अधूरा निर्माण किया गया है। यह पथ कुम्हैला-दानीमोड़-सिकटी-गोड़ना-समसपुरा होते हुए सेमरी तक जाती है, जिसकी कुल लम्बाई 6 कि0मी0 है। इस पथ के स्थल निरीक्षण के क्रम में पता चला है कि केवल 3 कि0मी0 पथ का निर्माण कर योजना को पूर्ण दिखाया गया है।

अभिलेखों के अध्ययन से पता चला कि इस पथ का कोर नेटवर्क ही त्रुटिपूर्ण बना हुआ हे, कोर नेटवर्क के मशरक प्रखंड के सीएन-6 के रूट लिंक नं0 ए एल-039 में सिकटी भीखम में सेमरी पथ की लम्बाई 4 कि0मी0 दिलाई गई है। जिस समय रूट लिंक की सूची बन रही थी उस समय मशरक प्रखंड की शुरूआत सिकटी भीखम से माना गया था। परन्तु स्थल निरीक्षण के बाद ज्ञात हुआ कि इसुआयुर प्रखंड के अंतिम गांव कुम्हैला सेमरी गांव तक की लम्बाई 6 कि0मी0 है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पथ के निर्माण हेतु सिकटी भीखम सेमरी पथ को कोर नेटवर्क में सम्मिलित दर्शाया गया है। इस पथ को कार्य रूप में दिखाये गए पथ के आधार पर न कराकर मशरक प्रखंड के शुरूआती सीमा कुम्हैला से सेमरी पथ का अधूरा निर्माण कराया गया है, जिसके कारण उक्त पथ में 3 कि0मी0 शेष पथ कच्चा बच गया है। यह भी विचाराधीन है कि यह पथ बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमें गोड़ना गांव जिसकी आबादी 1846 है, एक उच्च विद्यालय है, बाजार है, दूसरा गांव समसपुरा है जिसकी आबादी 671 है। साथ ही सेमरी गांव की आबादी 3919 है। इस प्रकार इस पथ के पूरा नहीं होने के लगभग 7000 आबादी वाले तीन गांव वंचित रह जायेंगे।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिहार प्रान्त के सारण जिला के मशकर प्रखंड अंतर्गत कुम्हैला से सेमरी पथ जिसकी वास्तविक लम्बाई 6 कि0मी0 को सही परिपेक्ष्य में सम्मिलित करते हुए शेष बचे 3 कि0मी0 पथ का निर्माण कराकर इस पथ को पूरा कराया जाये।